प्रेस विज्ञप्ति -1

भाषा विश्वविद्यालय की प्लेसमेंट ड्राइव में 32 होनहार स्नातक विद्यार्थियों का हुआ चयन

भाषा विश्विद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा कराई गई प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत आज *32 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ*। कुलपति प्रो एन बी सिंह के मार्गदर्शन में इस प्लेसमेंट ड्राइव में मुख्य भूमिका अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के निदेशक प्रो एस के त्रिवेदी तथा प्लेसमेंट सेल की सदस्या श्रीमती निधि सोनकर ने निभाई। इन विद्यार्थियों का चयन नोएडा की कंपनी रेनॉल्ट निसान और टीम लीज़ में हुआ है।

दोनों कम्पनियों के एच आर श्री अनुपम और श्री नरेश ने बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का इंटरव्यू लिया जिसमें उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को चयनित किया गया। इन सभी विद्यार्थियों को 2.5 -3.5 लाख का पैकेज दिया गया है।

ड्राइव को आयोजित करने में मकैनिकल विभाग के इंचार्ज श्री विवेक वाजपेयी तथा श्री रमेश वर्मा का विशेष योगदान रहा।विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट सेल विद्यार्थियों को रोज़गार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिसर में लगातार प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कर रहा है।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ